Digital Edition

# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Website : www.demokraticfront.com

मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 | चंडीगढ़ | E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को भेजा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** ओढ़ा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी मनप्रीत उर्फ मन्ना पुत्र लाला राम निवासी घुकांवाली को गिरफ्तार कर जेल दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि दिनांक 22.11.24 को एएनसी स्टाफ ने गांव घुकांवाली से लखविन्दर सिह उर्फ भिन्दी पुत्र काका सिंह को 6.72 ग्राम हेरोइन सहित काबु करके जेल में बंद करवाया था। आरोपी मनप्रीत उर्फ मन्ना निवासी घुकांवाली द्वारा ही 6.72 ग्राम हेरोइन आरोपी को बेची गई थी।

### हर धर्म का सम्मान करना बह हर वर्ग की भलाई और उन्नति के लिए काम करना मेरा पहिला मकसद है : डॉ. इशांक कुमार चब्बेवाल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** हर धर्म का सम्मान करना और हर वर्ग की भलाई और उन्नति के लिए काम करना मेरा मकसद है, ये विचार डॉ. इशांक कुमार, विधायक चब्बेवाल द्वारा व्यक्त किये गए । उस समय वह गांव बड़ला में गुर्जर समाज को संबोधित कर रहे थे। डॉ. इशांक ने समस्त गुर्जर समाज को धन्यवाद दिया कि हमेशा की तरह पिछले उप चुनाव में भी गुर्जर बिरादरी ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। इस बीच, डॉ. इशांक गुज्जर परिवार के फरमान अली की शादी में भी शामिल हुए और उन्होंने इस खुशी के मौके पर ब ?ला के गुज्जर समुदाय को बधाई दी और नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. इशांक ने कहा कि उनके परिवार को गुर्जर समुदाय से हमेशा बहुत प्यार और समर्थन मिला है और वह अपने इस समुदाय के साथ हमेशा ख ? हैं और उन की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह हर गांव, हर वर्ग की भलाई के लिए हर कदम उठाएंगे और वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर निवासी के लिए हमेशा मौजूद हैं। इस अवसर पर बडला के सरपंच डॉ. रोशन ने विशेष तौर पर अपने गांव के गुजर समुदाय का उनके प्यार एवं समर्थन के लिए धन्यवाद् किया और समस्त गांव वासिओं की ओर से विधायक डा इशांक को गाँव में आने और फरमान अली के निकाह में शामिल होने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें आपकी निष्पक्ष सोच पर गर्व है और उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में हमारा गाँव और चब्बेवाल हलका बेहद तरक्की करेगा।

### सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वार्ड नंबर 9 में विकास कार्यों का शिलान्यास किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 के अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी में ओबेरॉय चौक से गोनी आंनद के घर तक एवं पीसी अग्रवाल व कविता अरोडा के घर से रामनिवास गर्ग के घर तक सड़क निर्माण व पाइपलाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया।इन दोनों विकास कार्यों पर 63 लाख 78 हजार रुपए की लागत आएगी।भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने भाजपा सरकार के माध्यम से यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 साल से लगातार सैकड़ों करोड रुपए के विकास कार्य करवा चुके हैं व आगे भी विकास कार्य ऐसे ही जारी रहेंगे,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार ने आउटसोर्सिंग व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि यह विकास कार्य तय समय में हो व विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री लगे इस बात का सभी लोग ध्यान रखें इस दौरान पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग,मंडल अध्यक्ष विभोर पाहुजा ,पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, पूर्व पार्षद भावना,भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग,भाजपा नेत्री विजय बब्बर,भाजपा नेता अभिषेक अरोड़ा,नीतिशि दुआ, रोहित हरजाई,सहित बहुत से भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

# एडीसी ने जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती का किया आगाज

- दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- जीवन में भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश पर चलकर करने चाहिए श्रेष्ठ कार्य-एडीसी
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजेश व आशीष और श्लोकोच्चारण में अंकित प्रथम



**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा यादव ने सेक्टर-14 के राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम कालका राजेश पूनिया, जिला राजस्व अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार भी उपस्थित थे।

गीता जयंती कार्यक्रम में माता मनसा देवी संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने संस्कृत श्लोकाच्चरण, प्रश्नोतरी व गीता जयंती पर आधारित क्वीज में हिस्सा लेकर अपनी बेहतरीन उपस्थित दर्ज की।

अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा ने सबसे पहले विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा हजारो साल पहले दिए गए गीता का उपदेश आज भी सार्थक है। हमें भी जीवन में उनके द्वारा दिए गए उपदेश पर चलकर श्रेष्ठ कार्य करने चाहिए। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने संदेश दिया अधर्मी कितना ही बलवान और मजबूत क्यों ना हो उसे अंत में धराशायी होना पडता है। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब ताडिया बटौरी। इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-14 की प्राचार्य रिचा सेतिया, एमडीसी संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्या रिटा गुप्ता, लेखाकार अधिकारी संजय कौशिक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 20,पंचकूला के राजेश व आशीष ने प्रथम, श्रीमाता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पंचकूला के ध्रुव, गोविन्द ने द्वितीय और श्री मुक्तिनाथ वेद विद्या गुरुकुल, पंचकूला के दिव्यांश व प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार श्लोकोच्चारण में श्री मुक्तिनाथ वेद विद्या गुरुकुल, पंचकूला के अंकित ने प्रथम, श्री मुक्तिनाथ वेद विद्या गुरुकुल, पंचकूला के आकाश पांडेय ने द्वितीय और श्रीमाता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पंचकूला के गोविन्द ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### नगर निगम के महापौर ने गीता जयंती चोक पर हवन यज्ञ कर गीता जयंती का किया आगाज



**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** नगर निगम के महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह की कड़ी में आज गीता जयंती चौक पर हवन कर यज्ञ में आहुति डाली। उन्होनें कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए गीता उपदेशों पर सभी को अमल करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा यादव, नगर निगम कमीशनर अपराजिता भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण कृपा परिवार पिछले काफी समय से गीता जयंती के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहा है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता उपदेश में कहा था ''कर्म करो फल की इच्छा मत रखो''। उन्होंने बताया कि इन्सान को जीवन में अच्छे कर्म कर फल की इच्छा भगवान पर छोड देनी चाहिए। उन्होनें कहा कि तीन दिवसीय गीता महोत्सव जिले में पूरी धूम धाम से मनाया जा रहा है और संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत श्लोको के उच्चारण से पंचकूला गीतामयी बन गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में अनेको प्रकार के श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों का नजारा जिलावासियों को देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर एसडीएम कालका राजेश पूनिया, डीआरओ डॉ कुलदीप सिंह, बीजेपी जिला प्रधान दीपक शर्मा, रंजिता मेहता श्री कृष्ण कृपा परिवार से बीजेपी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल बंसल, श्री धर्मपाल सिंगला, राकेश गोयल, वरिष्ठ पत्रकार सत्यनायाण गुप्ता, ब्रिजलाल, मुकेश सिंह, दिनेश गुप्ता, दीपक बंसल, दीपक लुथरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## रेप व हत्या मामले में दोषी को सजा-ए-मौत, 63 दिन में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, कोलकाता.** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में हुई एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। बारुईपुर के त्वरित अपर जिला न्यायालय ने इस मामले के मुख्य आरोपी मुस्तकिन सरदार को मौत की सजा सुनाई है। यह फैसला राज्य में चल रहे आरजी कर कांड के आंदोलन के बीच आया है। आरजी कर मामले में न्याय की मांग को लेकर राज्यभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जयनगर मामले में न्याय मिलने में मात्र 63 दिन का समय लगा है। चार अक्टूबर को एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौटते समय लापता हो गई थी। देर रात उसका शव घर के पास जलाशय से बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में मुस्तकिन सरदार को गिरफ्तार किया था। जयनगर मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद राज्य पुलिस ने इस सफलता पर खुशी जाहिर की है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में न्याय मिलने में जो तेजी दिखाई गई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका एक ही उद्देश्य था, पीड़िता और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाना। आरजी कर कांड में न्याय मिलने में देरी हो रही है, जबकि जयनगर मामले में मात्र 63 दिनों में ही दोषी को सजा सुना दी गई। इस तुलना ने राज्य में न्यायपालिका के प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ाया है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को करनी चाहिए किसानों से बात : रणबीर गंगवा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, गुरुग्राम।** शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसानों के प्रदर्शन पर हरियाणा के केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह मामला हरियाणा का नहीं, बल्कि पंजाब का है। मंत्री गंगवा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से किसानों से बात करने और इस मुद्दे का समाधान निकालने की अपील की। रणबीर गंगवा ने किसानों से निवेदन करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अगर कोई राजनीतिक पार्टी किसानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है, तो किसानों को उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए। गंगवा ने यह भी बताया कि हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां सौ प्रतिशत फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदा जा रहा है। इसके साथ ही, जो फसलें सरकार द्वारा नहीं खरीदी जातीं, उन किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत लाभ दिया जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की फसलें 72 घंटों के भीतर खरीदी जाती हैं और उनका भुगतान सीधे डेबिट के माध्यम से किसानों के खातों में भेजा जाता है। कृषि समस्याओं को लेकर उन्होंने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है, जो किसानों की समस्याओं का समाधान निकालेगी।

बीमा सखी योजना के उद्घाटन पर बोले पीएम मोदी

## 'नारी शक्ति बनेगी विकसित भारत का आधार'

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 'बीमा सखी योजना' का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री ने पानीपत से वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण का शिलान्यास भी किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन एक और वजह से खास है। आज 9 तारीख है और शास्त्रों में अंक 9 को बहुत शुभ माना जाता है। 9 अंक का संबंध मां दुर्गा के नौ रूपों से है। आज का दिन भी नारी शक्ति की उपासना जैसा ही है। आज 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है। विश्व को नीति और धर्म का ज्ञान देने वाली महान धरती पर आज के दिन आना और भी सुखद है। इस समय कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भी चल रहा है। मैं गीता की इस धरती को प्रणाम करता हूं। बीमा सखी योजना का शुभारंभ पानीपत से हो रहा है। ऐसे में पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। हमारी महिलाएं विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार बनेंगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी माताओं-बहनों ने नारा लगाया था कि म्हारा हरियाणा, नॉनस्टॉप हरियाणा। हमारी सरकार ने बीते 10 सालों में नारी सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। आज हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ और विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करते हुए मुझे खुशी हो रही है। कई बार जब हम किसी खिलाड़ी को पदक जीतने के बाद गर्व से बोलते हुए सुनते हैं, तो हम भूल जाते हैं कि उस खिलाड़ी ने, उस बेटी ने इसे हासिल करने के लिए वर्षों की कड़ी मेहनत की है। जब कोई एवरेस्ट पर तिरंगे के साथ फोटो लेता है तो हम भूल जाते हैं कि उस व्यक्ति को शिखर तक पहुंचने में कितने वर्षों का संघर्ष करना पड़ा था। आज बीमा सखी योजना का शुभारंभ भी वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। हरियाणा ने एक है तो सेफ है के मंत्र को जिस तरह अपनाया है, वह देश में उदाहरण बना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार को बने अभी कुछ सप्ताह ही हुए हैं, लेकिन तारीफ पूरे देश में हो रही है। सरकार बनते ही यहां बिना किसी लागत या सिफारिश के हजारों युवाओं को स्थाई नौकरी मिली है और यह देश ने देखा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के इतने साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के बैंक खाते नहीं थे। उनकी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन बैंक खाते खुलवाए। आज गर्व है कि 30 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खुल गए। आज जनधन बैंक खाते न होते तो गैस सब्सिडी के पैसे महिलाओं के खाते में न आते। रेहड़ी लगाने वाली महिलाओं के लिए बैंक के दरवाजे हमेशा बंद रहते हैं। गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने में हमारी बहनों ने भूमिका निभाई है। जिनके बैंक खाते नहीं थे, वे अब बैंक सखी बनने जा रही हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जब महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है, तो वे देश के लिए आगे बढ़ने के नए दरवाजे खोलती हैं। लंबे समय तक हमारे देश में कई ऐसे क्षेत्र थे, जहां महिलाएं काम नहीं कर पाती थीं, लेकिन हमारी भाजपा सरकार ने बेटियों की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने का फैसला किया। अब बेटियों को सेना की अग्रिम पंक्ति में तैनात किया जा रहा है। हमारी बेटियां अब अत्यधिक कुशल फाइटर पायलट बन रही हैं। पुलिस में भी महिलाओं की भर्तियां हो रही हैं। कंपनियों को बेटियां संभाल रही हैं। देश में 1,200 ऐसे दुग्ध उत्पादक संघ हैं, जिनका नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने कुछ साल पहले पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था। इसका सकारात्मक परिणाम हरियाणा के साथ पूरे देश में हुआ।

# दि वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन पंजाब की डेरा गु संत सागर चाहवाला में हुई बैठक

- जिला जालंधर इकाई का पुनर्गठन; करमवीर सिंह संरक्षक, दलबीर सिंह अध्यक्ष और बलबीर करम चेयरमैन बने
- पत्रकार समुदाय की समस्याओं पर विचार
- पत्रकारों की गरिमा बहाल करने के लिए पंजाब सरकार को सचेत किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** दि वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन रजि. पंजाब (भारत) की जालंधर इकाई की एक विशेष बैठक पंजाब के चेयरमैन जसविंदर सिंह आजाद और महासचिव पंजाब अमरजीत सिंह जंडू सिंघा के नेतृत्व में डेरा गुरुद्वारा संत सागर चाह वाला गांव जोहलां जालंधर में आयोजित की गई।

इस बैठक में संयुक्त सचिव भारत तरसेम दीवाना होशियारपुर, पंजाब अध्यक्ष बलवीर सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंजाब मंजीत सिंह चीमा, उप चेयरमैन पंजाब गुरबिंदर सिंह पलाहा, जिला होशियारपुर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, गढ़शंकर अध्यक्ष नीतू शर्मा, ओम प्रकाश राणा महासचिव होशियारपुर, सुखविंदर मेहरा उपाध्यक्ष होशियारपुर, मुकेरियां अध्यक्ष इंद्रजीत, दलवीर सिंह चरखा मुकेरीयां विशेष रूप से शामिल हुए। उनका जालंधर इकाई के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर संयुक्त सचिव भारत तरसेम दीवाना होशियारपुर, पंजाब अध्यक्ष बलवीर सिंह सैनी तथा अन्य पत्रकार वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकार समुदाय के साथ बहुत दुर्व्यवहार हो रहा है तथा किसी भी पत्रकार के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा भले ही पीडित पत्रकार किसी भी संगठन से संबंधित हो। उन्होंने कहा कि वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन पंजाब के पूरे पत्रकार समुदाय के साथ हर समय खड़ा है, अगर किसी के खिलाफ कोई धक्केशाही हुई तो संगठन मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन की ओर से पंजाब भर के सभी पत्रकार संगठनों को एक मंच पर आकर साझा मोर्चा बनाने की अपील करते हुए कहा कि अब तक सरकारों को अपनी मांगों को लेकर अपने स्तर पर कई मांग पत्र दिए जा चुके हैं। मगर किसी भी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब यही एक रास्ता है जिससे पत्रकारों की आवाज सरकार के बहरे कानों तक पहुंच सकती है।इस अवसर पर एसोसिएशन ने भी पंजाब सरकार को सचेत करते हुए कहा कि पत्रकार समुदाय का मान-सम्मान हर कीमत पर बहाल किया जाना चाहिए और प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए जाने चाहिए क्योंकि यह एक संवेदनशील मुद्दा है जिसके साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। आज की बैठक के दौरान पत्रकार समुदाय की समस्याओं को भी सुना गया और सभी पत्रकारों से एकजुट होकर अपने पवित्र कर्तव्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया गया। इस बैठक में सीनियर टीम की सहमति से जिला जालंधर इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा कर जालंधर टीम का पुनर्गठन किया गया। जिसके अनुसार संरक्षक करमवीर सिंह, चेयरमैन बलबीर सिंह करम, उपाध्यक्ष संदीप विरदी, अध्यक्ष दलबीर सिंह, उपा चेयरमैन अमरेंद्र सिंह सिद्धू, सलाहकार गुरमीत सिंह रायपुरिया, महासचिव तरनजीत गग्गू, सचिव योगराज देयोल, महासचिव जेएस सोदी, संयुक्त सचिव हरभजन विरदी , कैशियर ओंकार सिंह, सुनील कुमार (पीआरओ), कानूनी सलाहकार प्रवीण नायर, प्रचार सचिव अवतार सिंह माधोपुरी को उपाधि से सम्मानित किया गया।मंच सचिव की भूमिका निभा रहे पंजाब चेयरमैन जसविंदर सिंह आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि आदमपुर इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा जल्द की जायेगी ।

इस मौके पर जसविंदर सिंह आजाद, गुरबिंदर सिंह पलाहा, नीटू बाला, ओम प्रकाश राणा, मंजीत सिंह चीमा, सुखविंदर, दलवीर चरखा, दलवीर सिंह, रणजीत सिंह, सुनील कुमार, कमल, अरुण, बलबीर सिंह, दलजीत सिंह कुलसी, कुलवीर सिंह , अमरजीत सिंह, तरनजीत सिंह, गुरुमीत सिंह, अमरिन्दर सिंह, परमिंदर कुमार, अश्विनी शर्मा, रविंदर कुमार, करमवीर सिंह, अवतार सिंह, इंद्रजीत, संदीप विरदी, सुरजीत पाल, हरभजन, योगराज सिंह और विभिन्न संस्थानों के अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा के सदस्य बनने पंजाब वासियों में है भारी उत्साह : अविनाश राय खन्ना



**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** भाजपा के पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने भाजपा की सदस्य अभियान के तहत वार्ड नं 36 व 37 में लोगों को भाजपा सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर लोगों के भाजपा सदस्यता बनने के लिए लोगों में भारी उत्साह पाया गया। इस अवसर पर खन्ना ने कहा कि पंजाब का हर वर्ग आज भाजपा की नीतियों का लाभ ले रहा है तथा प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा संचालित केंद्र सरकार में जिस तरह भारत का परिचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है उससे देश के साथ-साथ पंजाब वासी भी काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा की सदस्य ग्रहण करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर पंजाब वासी मोदी जी व नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा के साथ जुड ?र देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहता है। उन्होंने कहा कि पंजाब में जिस तेजी से भाजपा का जनआधार बढ़ रहा है उससे लगता है कि 2027 में लोग भाजपा के पक्ष में वोट डालकर पंजाब में भी भाजपा सरकार लाने को तत्पर है ताकि पंजाब का भी पूरी तरह विकास करवाया जा सके। उन्होंने भाजपा की सदस्यता प्राप्त करने वाले लोगों को मेहनत व लगन के साथ भाजपा की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डा. रमन घई ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी पंजाब वासियों की पहली पसंद है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह पंजाब का सर्वपक्षीय विकास हो रहा है उससे हर पंजाब वासी को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता बनने के लिए लोगों में जिस तरह होढ़ सी लगी हुई है उससे लगता है कि 2027 में पंजाब में भाजपा संचालित सरकार आना लगभग तय है। इस अवसर पर जसवीर सिंह, मनी कुमार, डा. पंकज शर्मा, मनोज शर्मा, मक्खण सिंह, करनैल सिंह, बबलू कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों के मैंबरशिप फार्म भर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### सीआईए टीम ने 5.75 ग्राम हेरोइन व कार सहित तीन आरोपियों को दबौचा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिंदर जिंदल.** सीआईए डबवाली स्टाफ टीम ने गांव मिठड़ी से 5.75 ग्राम हेरोइन चिट्टा व कार सहित तीन आरोपियों को काबु किया है। आरोपियों की पहचान शिवजीत सिंह उर्फ बबु पुत्र सुखराज सिंह निवासी गांव किंगरा, जसपाल सिंह उर्फ चिडा पुत्र सुरजीत सिंह निवासी खुईयां मलकाना व शमशेर सिंह उर्फ रांझा पुत्र गुरजंट सिंह निवासी गांव मिठड़ी के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई पालाराम अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त पड़ताल अपराध के दौरान खुईयां मलकाना टोल से होते हुये डबवाली सिरसा हाईवे रोड पर ओढां की तरफ जा रहे थे कि जब गाडी गांव मिठड़ी सोसायटी के सामने बने बस क्यू शेल्टर के सामने गाडी की एक कार स्विफ्ट डिजायर रंग स्लेटी सिरसा की तरफ मुंह किये हुये खडी दिखाई दी और गाडी की अन्दर की लाईट ओन थी। स्विफ्ट डिजायर में तीन नोजवान लडके बैठे दिखाई दिये जो पुलिस ने शक की बिनाह पर गाडी सरकारी को गाड़ी स्विफ्ट डिजायर उपरोक्त के ड्राइवर साइड की तरफ आगे लगाकर साथी कर्मचारियों सहित नीचे उतरकर गाडी स्विफ्ट डिजायर उपरोक्त में बैठे तीनो लड़को को गाडी में बैठे बिठाये काबु करके तलाशी ली तो उनके कब्जे से 5.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उक्त तीनों के खिलाफ थाना ओढ़ा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की गई। आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा और इस नेटवर्क हेरोइन से जुड़े अन्य लोगो को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### गांव ख्योवाली में एक युवक की नहर में डूबने से मोत

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिंदर जिंदल.** निकटवर्ती गांव ख्योवाली में 35 वर्षीय युवक की ओढ़ा माइनर में डूबने से मोत हो गई। सूचना मिलने पर ओढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल सिरसा पहुंचाया। थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि युवक की मौत पानी में डूबने से हुई है और उसका शव नहर के किनारे पड़ा था। मृतक की पहचान सुभाष पुत्र जीत राम के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही ब्यान दिया जाएगा और शव का पोस्टमार्टम सुबह सोमवार को होगा। मृतक एक दिहाड़ी दार मजदूर था और वह अपने पीछे एक पत्नी व दो मासूम बच्चे छोड गया है।

### श्री दुर्गा मंदिर में अष्टमी पर मासिक भंडारा आयोजित किया गया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिंदर जिंदल.** श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर पुरानी अनाज मंडी में स्थित दुर्गा मन्दिर मे श्री दुर्गा भजन मंडल की ओर से सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से माता रानी का मासिक भंडारा आयोजित किया गया। मासिक भंडारे का शुभारंभ मन्दिर के पुजारी अशोक शर्मा की देखरेख में कंजक पूजन के साथ हुआ। इस दौरान श्री दुर्गा बाल मंडल की ओर से सुंदर तग्गड, विनय बाटु, केतन गर्ग, वत्सल गर्ग व अन्य बाल भजन गायकों ने माता रानी का सुंदर गुणगान किया। श्री दुर्गा नारी मंडल की महिलाओं ने रानी गर्ग और किरण खुराना की देखरेख में चूल्हे की रोटी बनाने और बर्तनों को साफ करने की सेवा की।

### निसान ने घरेलू बाजार में 5 लाख कारों की बिक्री का आंकड़ा पार किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** निसान मोटर इंडिया ने अपना परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक घरेलू बाजार में कुल 5 लाख से ज्यादा कारें बेचने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। अब तक कंपनी ने कुल 5,13,241 कारों की बिक्री की है। इसी के साथ, नई निसान मैग्नाइट एसयूवी समेत अपनी कारों की जबर्दस्त मांग के दम पर नवंबर, 2024 में निसान ने कुल 9040 कारों की होलसेल बिक्री की है। इसमें घरेलू बाजार में 2342 कारें और निर्यात बाजार में 6698 कारें बेची गईं। अक्टूबर, 2024 से तुलना करें तो कुल होलसेल बिक्री 5570 से 62 प्रतिशत बढ़कर 9040 पर पहुंच गई। निर्यात में लगातार बढ़ोतरी का इसमें अहम योगदान रहा। नवंबर, 2024 में निर्यात में सालाना आधार पर 222 प्रतिशत और मासिक आधार पर 173.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नवंबर, 2023 में 2081 कारों और अक्टूबर, 2024 में 2449 कारों का निर्यात हुआ था। यह प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय बाजार में निसान की लगातार बढ़ती उपस्थिति और 'मेड इन इंडिया' वाहनों के प्रति ग्राहकों के मन में बढ़ते भरोसे एवं विश्वास को दिखाता है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'घरेलू बाजार में हमारे ब्रांड ने 5 लाख कारों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है।

# पैरागॉन किड्स और पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक समारोह, छात्रों ने दिखाया शानदार हुनर





**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली।** पैरागॉन किड्स और पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 71, मोहाली ने अपने 38वें वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ किया।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी, गिन्नी दुग्गल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ स्कूल की प्रेसिडेंट कुलवंत कौर शेरगिल, डायरेक्टर इकबाल सिंह, प्रिंसिपल जसमीत कौर और वाइस प्रिंसिपल अमरपाल कौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पैरागॉन किड्स स्कूल के छोटे बच्चों द्वारा रेट्रो टू मेट्रो थीम पर दिलचस्प और मनोरंजक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने 70 और 80 के दशक के संगीत, नृत्य और परिधानों को मंच पर जीवंत कर दिया, जिससे संगीत, संस्कृति और जीवनशैली के विकास को दर्शाया गया। बच्चों के उत्साह ने दर्शकों का दिल जीत लिया और उनकी खूब सराहना की गई। पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने एहसास- जर्नी ऑफ लाइफ के माध्यम से जीवन के हर चरण में मानवीय अनुभवों को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के जीवन के विभिन्न पहलुओं और भावनाओं को बेहतरीन तरीके से चित्रित किया गया। विशेष नाटक के माध्यम से माता-पिता की सेवा और बुजुर्गों का सम्मान करने का संदेश दिया गया। इस नाटक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और छात्रों की प्रतिभा की खूब प्रशंसा हुई। स्कूल की प्रेसिडेंट कुलवंत कौर शेरगिल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को मंच पर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास देते हैं और उनके हुनर को निखारते हैं। स्कूल के डायरेक्टर इकबाल सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें जीवन में अच्छे गुण अपनाने और माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया। इस वार्षिक शो का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का अवसर प्रदान करना था, ताकि उनका आत्मविश्वास और हुनर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके। प्रस्तुतियों के अंत में, मुख्य अतिथि ने बच्चों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और इसे एक यादगार आयोजन बताया। स्कूल की प्रिंसिपल जसमीत कौर ने स्कूल के वार्षिक दिवस में उपस्थित दर्शकों और अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

## पटियाला संगीत समारोह का दूसरा एडिशन 18 से 21 दिसंबर कालिदास ऑडिटोरियम में

### कई नामचीन शास्त्रीय गायक और वादकों की चारों दिन प्रस्तुति





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** कलाग्राम उत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के तुरंत पश्चात उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा पिछले वर्ष शुरू हुए पटियाला संगीत समारोह की इस वर्ष की तारीखों को घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष ये समारोह 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक पटियाला के कालिदास ऑडिटोरियम में ही आयोजित होगा । चार दिवसीय समारोह में शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक पटियाला घराने के शांतनु भट्टाचार्य की प्रस्तुति से समारोह की शुरूआत होगी तथा अंतिम दिवस बेंगलूर की अनुपमा भागवत के सितार वादन से इस समारोह का समापन होगा । शिमला के गुंजन चन्ना, पटियाला के अलंकार सिंह, मुंबई की रोंकिनी गुप्ता, दिल्ली के उदय प्रकाश मलिक और जयपुर के सौरभ वशिष्ठ अपनी शास्त्रीय गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे ।

इसी प्रकार योगेश शम्सी के तबला और तन्मय दवचके के हारमोनियम की जुगलबंदी और राजेंद्र प्रसन्ना के बांसुरी वादन की प्रस्तुति भी इस समारोह में शामिल की गई है ।

ज्ञात रहे कि पटियाला घराने की शास्त्रीय गायकी के सम्मान स्वरूप इस समारोह की शुरुआत पिछले वर्ष ही की गई थी जिसे बहुत अधिक सराहना मिलने के कारण सुधि जनों की मांग पर इसे केंद्र के वार्षिक कलेंडर में शामिल कर लिया गया ।

केंद्र निदेशक फुरकान खान का कहना है कि हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में पटियाला घराने का महत्वपूर्ण स्थान है परंतु कोई भी बड़ा समारोह इसके सम्मान में आयोजित नहीं होता था । इसलिए पटियाला घराने के सम्मान में और हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को समर्पित इस समारोह की शुरुआत पटियाला में की गई । समारोह के चारों दिन प्रवेश निःशुल्क रहेगा ।



## उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए पीएमएसएमए के तहत विशेष जांच और परीक्षण निःशुल्क किए जाते हैं : पवन शगोत्रा

### सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया

**होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** सिविल सर्जन होशियारपुर डा. पवन कुमार शगोत्रा के दिशा-निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज जिला भर में स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया गया।

सिविल अस्पताल होशियारपुर, एसडीएच दसूहा, मुकेरियां, गढ़शंकर और सभी सीएचसी और ब्लॉक पीएचसी में आयोजित इन शिविरों के दौरान गर्भवती महिलाओं, विशेषकर खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं के सभी परीक्षण मुफ्त किए गए। जानकारी साझा करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान यदि गर्भवती महिला की नियमित जांच करायी जाये तो उसका प्रसव सुरक्षित एवं आसान हो जाता है।इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ के दौरान डॉक्टर द्वारा बताई गई सभी जांचें समय पर करानी चाहिए ताकि खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की जा सके और समय रहते उनका इलाज किया जा सके। आशा कार्यकर्ताओं को जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें इन शिविरों में लाना चाहिए ताकि गर्भवती माताओं को समय पर आवश्यक परीक्षण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों से बचा जा सके और सुरक्षित प्रसव कराया जा सके। उन्होंने अधिक जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन (सीजेरियन सेक्शन) और सामान्य प्रसव बिल्कुल मुफ्त किया जाता है और महिला की विशेष देखभाल की जाती है।अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए भोजन और दवा बिल्कुल मुफ्त है। इन विशेष शिविरों के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है और उन्हें प्रसव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाता है।




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ.** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय चंडीगढ का अखिल भारतीय कांग्रेस महिला अध्यक्षा अलका लांबा ने दौरा किया. इस दौरान अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अलका लांबा ने हरियाणा महिला कांग्रेस की पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की. अलका लांबा ने कहा कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा. नई कार्यकारिणी में पद और जिम्मेदारी सौंपी जाएगी.

## फिट रहेंगे तो हिट रहेंगे : प्रो हेमराज कौशिश

### महाराजा अग्रसेन कॉलेज में फिट इंडिया मिशन के तहत हुई विभिन्न गतिविधियां



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित।** भारत सरकार की मुहिम व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार फिट इंडिया वीक मनाने का आदेश प्राप्त हुआ, जिस पर महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी की प्राचार्या डॉक्टर करुणा ने तुरंत प्रभाव से विषय की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हेमराज कौशिश को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया तथा फिट इंडिया वीक का शेड्यूल जारी किया। नोडल ऑफिसर प्रोफेसर हेमराज कौशिश ने बताया कि कॉलेज में फिट इंडिया वीक 06-12-2024 से 12-12-2024 तक मनाया जाएगा तथा इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां कराई जाएगी जिसमें स्वास्थ्य के प्रति शपथ, योगाभ्यास, ध्यान, मनोरंजन खेल, नृत्य प्रतियोगिता, रोप जंपिंग, फिटनेस के महत्व पर निबंध लेखन प्रतियोगिता व मेंटल फिटनेस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके लिए डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ढिल्लों, डॉ अनिल, मैडम वीरा, प्रोफेसर रणदीप व डॉ उषा को अलग-अलग गतिविधियों की जिम्मेदारी दी गई।

इसी कड़ी में आज योगाभ्यास, ध्यान, मनोरंजन खेल की विभिन्न गतिविधियों का व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मिशन के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर हेमराज कौशिश के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर करुणा ने की तथा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गुरुदयाल जी, सब इंस्पेक्टर, बुढ़िया चौक जगाधरी रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत कॉलेज प्राचार्या डॉ करूणा ने पुष्प कुछ देकर किया तथा कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान की क्रियाएं तथा मनोरंजन खेलों से संबंधित प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें तग ऑफ वार, हिट द बॉल, टच द टेल इत्यादि खेल कराए गए।

नोडल ऑफिसर प्रोफेसर हेमराज कौशिश ने सभी का कार्यक्रम में स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए तथा दवाइयां से छुटकारा दिलवाने के लिए स्वास्थ्य और फिटनेस से संबंधित प्रतिदिन हर व्यक्ति को एक घंटा जरुर निकालना चाहिए जिसके अंतर्गत उसे रनिंग, वॉकिंग व योगाभ्यास जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति यदि फिट रहेगा।

#### जेएसएस आशा किरण स्पेशल स्कूल में सालाना समागम का आयोजन

## विशेष बच्चे, वे आत्माएं जो हमेशा सबका भला मांगती है : सचदेवा





**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना )** जेएसएस आशा किरण स्पेशल स्कूल जहानखेला में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर ट्रिनिटी स्कूल असलपुर की निदेशक कम प्रिंसीपल अनिता लॉरेंस, प्रो. मनोज कपूर डायरेक्टर एमएमएम पब्लिक स्कूल होशियारपुर, संजीव वासल चेयरमैन वासल एजुकेशन, डॉ. बीएस जोहल डायरेक्टर जोहल हॉस्पिटल जालंधर, अविनाश रॉय खन्ना वाइस चेयरमैन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, कर्नल गुरदेव सिंह, स्नेह जैन आदि भी मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और बाद में छात्रों ने गिद्दा और भांगड़ा प्रस्तुत किया और एक फैशन शो भी आयोजित किया गया। स्कूल की प्रिंसीपल शैली शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उन बच्चों के माता-पिता को सममानित किया गया जो अपने बच्चे के मानसिक विकास के लिए स्कूल के शिक्षकों का सहयोग करते हैं। इस अवसर पर भाग्य तारा चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य मंगेश सूद, सचिव एडवोकेट रूपिका ठाकुर, स्वर्ण सचदेवा, विनोद सैनी, बलजीत कौर गिल, डॉ. स्वाति, डॉ. बलविंदरजीत, डॉ. अमरजोत धामी, ठाकुर राज कुमार, डॉ. सुभाष मेहता, आशादीप वेलफेयर सोसायटी के सदस्य , स्मृति शैली, रिंकू बेदी, कोर्स कोआरडीनेटर बरिंदर कुमार भी उपस्थित थे। मंच संचालिका की भूमिका छात्रा तनीषा ने निभाई तथा वाइस प्रिंसीपल इंदु ठाकुर ने पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर परमजीत सिंह सचदेवा ने आशादीप वेलफेयर सोसायटी की ओर से आए मेहमानों और दानदाताओं का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विशेष बच्चों के विकास के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चे भगवान द्वारा इस दुनिया में भेजी गई वे आत्माएं हैं जो हर समय इस दुनिया की भलाई चाहती हैं।

## एक नजर

### संयुक्त राष्ट्र बांग्लादेश में शांति सेना भेजे - स्वामी श्रीधर जी महाराज



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** आज इंटरनेशनल गौडिया वेदांत ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री भक्ति वेदांत श्रीधर महाराज संकीर्तन प्रवचन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष रूप से सेक्टर 20 स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में पधारे जहाँ उनका अभिनंदन किया गया। मठ के प्रवक्ता जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि स्वामी जी ने बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे घोर अत्याचार व इस्कॉन मंदिरों पर हो रहे हमले की परिपेक्ष्य पर बोलते हुए कहा कि आज बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर प्रतिदिन अत्याचार हो रहा है, मंदिरों को जलाया जा रहा है, हिंदुओं की बहू-बेटियों के साथ बलात्कार हत्याएं हो रही है व दुकानों को जलाया जा रहा है। इस्कॉन के स्वामी चिन्मय महाराज जी को गिरफ्तार कर वकील तक नहीं दिया जा रहा है। ऐसी भयानक स्थिति को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र को तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित करना चाहिए और साथ ही दुनिया भर के हिंदुओं को एक होकर सामूहिक दबाव बनाना चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार को अपना प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेज कर सख्त चेतावनी देकर वहां पर शांति स्थापित करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करने से धर्म स्वयं आपकी रक्षा करेगा। सनातन धर्म को आज तक कोई नहीं मिटा सका है और ना कोई भविष्य में मिटा सकेगा।

### गीता महोत्सव में पुस्तक पंचतत्व और मैं का हुआ विमोचन




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नीरू मित्तल नीर के नव प्रकाशित लघुकविता संग्रह पंचतत्त्व और मैं का विमोचन गीता महोत्सव में आयोजित हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यक्रम में डॉ.धर्मदेव विद्यार्थी, निदेशक (हिंदी एवं हरियाणवी प्रकोष्ठ, अकादमी), डॉ. चितरंजन दयाल कौशल, निदेशक (संस्कृति प्रकोष्ठ, अकादमी) और डॉ. बाबूराम विभागाध्यक्ष (बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक) के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेम विज, वरिष्ठ साहित्यकार, लाजपत राय गर्ग, वरिष्ठ उपन्यासकार, कमलेश काजल, साहित्यकार, डॉ विनोद कुमार शर्मा, पत्रकार एवं कवि, रविंद्र कुमार मित्तल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि पंचतत्त्व आकाश वायु जल अग्नि और पृथ्वी से ही मानव शरीर बना है, पांच तत्वों की महत्ता को सदैव स्मरण रखना चाहिए। श्री बाबूराम जी ने कहा कि कवयित्री ने पंचतत्त्वों के माध्यम से इंसान को संस्कारों और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए सचेत करने का प्रयास किया है।श्री प्रेम विज ने कहा कि कवयित्री ने नए भावों और नए बिंबों के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर चोट करते हुए नई आशा का संचार किया है। लाजपत राय गर्ग ने इस अवसर पर श्री ज्ञान प्रकाश पीयूष द्वारा लिखी गई समीक्षा पड़ी। इस अवसर पर बोलते हुए कवयित्री डॉ. नीरू मित्तल नीर ने कहा कि प्रकृति, आत्मा और पंचतत्त्वों के समावेश में ही जीवन की सार्थकता है और उन्होंने 101 कविताओं में इनसे जुड़े हरेक पहलू को छूने का प्रयास किया है। आपके अब तक चार काव्य संग्रह, दो कहानी संग्रह, एक लघुकथा संग्रह और एक बाल साहित्य प्रकाशित हो चुके हैं।

### प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ आरोपी काबू, 540 नशीली गोलियां बरामद




**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से ने जिला में नशा पर पूर्ण रुप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत लोगों को नशे से बचने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है। दिनांक 08.12.2024 को इन्चार्ज एंटी नारकोटिक्स सेल उप निरीक्षक भीम सिंह की टीम ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में 1 व्यक्ति को काबू किया है। आरोपी की पहचान चरण सिंह उर्फ सोनू पुत्र रामप्रीत वासी गांव टीपरा कालका हाल किरायेदार खेडा सीताराम थाना कालका जिला पंचकूला उम्र 39 वर्ष के रुप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूत्र से सूचना मिली कि उपरोक्त व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाओं को बेचने का काम करता है और अभी कालका क्षेत्र के टीपरा गांव की सरकारी स्कूल के नजदीक सड़क पर नशीली दवाओं की सप्लाई करने आएगा। मिली सूचना पर पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार कर आरोपी को बताए गए स्थान से घेरा ड़ालकर काबू किया। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान चरण सिंह उर्फ सोनू पुत्र रामप्रीत वासी गांव टीपरा कालका हाल किरायेदार खेडा सीताराम थाना कालका जिला पंचकूला उम्र 39 वर्ष के रुप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी से 540 अलप्राजोलम गोलियां बरामद की गई। पूछताछ करने पर आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना कालका में एनडीपीएस की धारा 22 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हैं।

# अंबाला शहर की टिंबर मार्किट में सुरेंद्र पाल केके के नेतृत्व में पंचकूला के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रमोहन का जोरदार स्वागत पूर्व डिप्टी सीएम

### चंद्रमोहन बोले- केंद्र व हरियाणा सरकार संविधान की उल्लंघना कर किसानों के साथ अन्याय व अत्याचार कर रही है



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अम्बाला.** हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम एवं पंचकूला से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक का आज अंबाला शहर के टिंबर मार्किट में समाजसेवी सुरेंद्र पाल केके व उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। सुरेंद्र पाल केके के कार्यालय पहुंचने पर महेंद्र पाल धीमान, हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन, मोहन लाल धीमान, जसवंत सिंह जस्सी, रविंदर, शिव धीमान, रामजी लाल ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र पाल केके व जांग?ा समाज ने पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन को खाटू श्याम का चित्र व दोशाला भेंट की। इस अवसर पर चंद्रमोहन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मुहिम बिल्कुल सही थी कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है लेकिन कांग्रेस ने भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया। चंद्रमोहन ने कहा कि जिस तरह शंभू बॉर्डर पर किसानों को दिल्ली जाने से रोका जा रहा है, निहत्थे किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं यह भाजपा सरकार का संविधान विरोधी चेहरा साफ नजर आता है। पांचवी बार विधायक व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के ब? बेटे चंद्रमोहन ने केंद्र व भाजपा सरकार को आ? हाथे लेते हुए कहा कि सरकार बताए कि संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किसानों को दिल्ली जाने से रोका जा सकता है। चंद्रमोहन ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि जिस तरह अंग्रेजों ने साइमन कमीशन का विरोध करने वाले लाला लाजपत राय के सिर पर लाठियां मार उनकी हत्या की ठीक वैसा ही केंद्र व भाजपा सरकार निहत्थे किसानों के साथ कर रही है जबकि किसानों ने कभी सरकार के हिंसक रवैये का जवाब हिंसा से नहीं दिया। पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन ने कहा कि यदि राहुल गांधी पूरे देश में पैदल यात्रा न करते तो 2024 के नतीजे कुछ और होते और भाजपा संविधान बदल कर देश में मनमर्जी करती। पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन ने शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों पर आंसू गोले छो? देश की जनता को अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाई। चंद्रमोहन ने सीएलपी के लीडर के फैसले पर कहा कि कांग्रेस चिंतन कर रही है इससे पहले महाराष्ट्र चुनाव में व्यस्त थे और जल्द ही हरियाणा के सीएलपी लीडर का फैसला हो जाएगा। वहीं चंद्रमोहन ने कहा कि नायब सैनी सरकार कांग्रेस को कोसना बंद करे और द्वेष भावना से व्यापारी वर्ग, सरपंचों को सरकारी मशीनरी से परेशान न करे। उन्होंने कहा कि हर आदमी को लोकतंत्र में बोलने का अधिकार है।

### भाजपा पंचकूला का सनातन सुरक्षा मंच के रोष प्रदर्शन को समर्थन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** भाजपा जिला पंचकूला संगठन बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सनातनी सुरक्षा मंच एवं सर्व हिन्दू समाज द्वारा आज पंचकूला के शहीद मेजर संदीप सांखला चौक, सेक्टर 2 पर आयोजित रोष प्रदर्शन को अपना पूर्ण समर्थन देगी। भाजपा जिला प्रधान दीपक शर्मा ने पंचकूला के सभी कार्यकर्ताओ एवं आम नागरिकों से आज सुबह 10 बजे शहीद मेजर संदीप सांखला चौक, सेक्टर 2 पर आयोजित रोष प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र मलिक ने कहा की पंचकूला का प्रत्येक कार्यकर्ता बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अमानवीय व्यवहार एवं क्रूरतम अत्याचार को लेकर बहुत ही आक्रोशित एवं क्रोधित है, भाजपा जिला संगठन इसकी कठोरतम शब्दों में निंदा एवं भर्त्सना करता है। मलिक ने बताया की उन्होंने जिले के विभिन्न मंडलो के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठके कर रोष प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की योजना बनाई है।





### नन्हें-मुन्हें बच्चों ने विद्यालय में मनाया पिकनिक डे

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** आर0डी 0एम 0सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में साप्ताहिक गतिविधियों की श्रृंखला में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों का पिकनिक डे मनाया गया। बच्चे रंग-बिरंगी पोशाकों में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। पिकनिक डे के इस अवसर पर बच्चे अपने-2 घरों से तरह-तरह के व्यंजन बनवाकर लाएं तथा पिकनिक पर उसका आनंद उठाया। उसके बाद बच्चों ने तरह-तरह के झूलों पर जमकर मस्ती की तथा संगीत की धुन पर नृत्य किया। बच्चों के इस मनमोहक दृश्य को देखकर बहुत ही अच्छा लग रहा था। विद्यार्थियों के साथ उनकी कक्षा अध्यापिकाएं भी मौजूद रही । अंत में बच्चों को बिस्किट और फल वितरित किए गए। स्कूल प्रबंधक डॉ0 के0 सी0 शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ0 शालु एस. कटारिया नें बताया कि बाल्यवस्था में ही तीव्रगति ग्रहण शक्ति होती है । इसलिए बाल्य गतिविधियों की और संस्था का विशेष ध्यान रहता है।

### डीसीएम स्कूल की मीनू रानी का विश्व कप के लिए आयोजित भारतीय प्रशिक्षण शिविर में चयन




**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** डीसीएम की खिलाड़ी मीनू का कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खो-खो के विश्व कप के लिए आयोजित भारतीय प्रशिक्षण शिविर में चयन हुआ है भारतीय खो-खो महासंघ के महासचिव महेंद्र सिंह त्यागी ने स्कूल को दी सूचना में बताया कि 13 जनवरी से 19 जनवरी तक दिल्ली में खो - खो वर्ल्ड कप होगा। वर्ल्ड कप के लिए कुल 30 लड़कियों का चयन किया गया है।यह कैंप दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 10 दिसंबर से 11 जनवरी तक लिया जाएगा। भारतीय खो खो की मुख्य प्रशिक्षक मुन्नी जून ने बताया कि कैंप में खिलाड़ियों इंटरनेशनल लेवल की उत्कृष्ट सुविधा दी जाएगी । विश्वस्तरीय प्रशिक्षण , डाइटिशियन, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।हमें पूरा विश्वास है यह कप हम भारत देश के नाम करेंगे। जिला सेक्रेटरी मोनू दलाल ने मीनू को शुभकामनाएं दी व त्यागी और मुन्नी जून का धन्यवाद किया। डीसीएम खो - खो कोच राजेश दलाल , संजय डीसीएम को पूरे स्टाफ ,अभिभावक व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी। कोच सुखविन्द्र,कोच मुनिश ,कोच पूजा को भी सभी ने मीनू की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### एनजेडसीसी प्रमुख ने शिल्प मेले की सफलता का श्रेय ट्राइसिटी के लोगों और अन्य लोगों को दिया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** रविवार को संपन्न हुए 14वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेले की शानदार सफलता के अवसर पर उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र(एनजेडसीसी) के निदेशक मोहम्मद फुरकान खान ने मेगा इवेंट में भाग लेने के लिए आए मेहमानों, खासकर ट्राइसिटी के लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी ने मेले में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ भाग लिया। दैनिक उपयोग की हस्तकला और हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी की। इस बार मेले के विचार को मेहमानों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक गतिविधियों के 10 दिवसीय संगम के दौरान आयोजित थीम कला प्रदर्शनियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। यहां आए हुए मेहमानों ने पत्थरों पर उकेरी गई मूर्तियों की प्रशंसा की, जिन्हें विशाल मेला स्थल पर रखा गया था।

इस पहल के पीछे प्रेरणास्त्रोत एनजेडसीसी के निदेशक मोहम्मद फुरकान खान ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन और उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सभी अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिन-रात काम किया। हम इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों के बहुत आभारी हैं।

निदेशक ने पंजाब के माननीय राज्यपाल को हमेशा अपना भरपूर संरक्षण और बहुमूल्य मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद दिया। राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव के शिवप्रसाद और उनके सहयोगी और उनके साथ जुड़े कर्मचारी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि उनके अमूल्य योगदान के बिना यह सब संभव नहीं हो पाता। निदेशक ने कहा कि हम चंडीगढ़ प्रशासन के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, गृह एवं सांस्कृतिक मामलों के सचिव मंदीप बरार, सांस्कृतिक मामलों के निदेशक सौरव अरोड़ा और उनकी टीम के अन्य सदस्यों दिनेश और कुलविंदर को धन्यवाद देते हैं। सौरव अरोड़ा और उनकी टीम ने इस मेले को सफल बनाने के लिए एनजेडसीसी टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। इसी तरह चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग, बागवानी, इलेक्ट्रिकल और टाउन प्लानिंग विभाग ने भी कलाग्राम की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए।

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

#### जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

#### उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में पंहुचकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की करी अपील

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में जिले के लोगों की समस्याओं सुनी और उपके जल्दी से जल्दी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में पंहुचकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की।

उन्होनें बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार समाधान शिविर का प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आज समाधान शिविर में जिला राजस्व विभाग की एक शिकायत प्राप्त हुई। जिला विकास एवं पंचायत विभाग की एक शिकायत, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की एक समस्या, पंचायती राज की एक समस्या प्राप्त हुई, इन समस्याओं के जल्दी से जल्दी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि हम सभी यहां पर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारा कर्त्तव्य है कि जिले की जनता अपने कार्यो के लिए कार्यालयों के चक्कर पर चक्कर काट कर परेशान ना हो। उनकी समस्याओं के त्वरित निदान के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने पूरे प्रदेश में समाधान शिविर के आयोजन का निर्णय लिया हैं और स्वयं मुख्यमंत्री समाधान शिविर से जुडकर शिविर में हो रही कार्रवाही की मोनिटरिंग करते है। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से गंभीरता से और प्राथमिकता के आधार पर लोगों के समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर परिषद, हरियाणा शहरी विकास प्राधिरकण, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, मछली पालन विभाग, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, जनस्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभाग सीधे शिविर में उपस्थित रह कर लोगों की समस्या का शीघ्रता से समाधान के लिए उपस्थित रहते हैं।

# हंसी का पॉवर हाउस है मर्तबान के एक्टर्स की टोली

### ओ टी टी चौपाल पर विश्वभर में बसे पंजाबियों को गुदगुदाएगी कॉमेडी फिल्म मर्तबान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** प्रसिद्ध निर्देशक बॉबी बाजवा के निर्देशन में बनी पंजाबी कॉमेडी फिल्म मर्तबान ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में दर्शकों और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी, जिसमें मुख्य कलाकार गुरचेत चित्रकार, मलकीत मलंगा, और राजिंदर रोज़ी ने अपनी भूमिकाओं के बारे में दिलचस्प जानकारी साझा की।

फिल्म के नाम मर्तबान के पीछे छिपे संदेश पर चर्चा करते हुए टीम ने बताया कि कैसे यह कॉमेडी फिल्म न केवल हंसाने का काम करेगी, बल्कि जीवन में हंसी और सकारात्मकता के महत्व पर जोर भी देगी। कार्यक्रम के दौरान निर्देशक बॉबी बाजवा ने कहा, हंसी हमारे जीवन में एक अनमोल तोहफा है, और 'मर्तबान' उसी हंसी को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। हमारी फिल्म न केवल मनोरंजन करेगी, बल्कि समाज को एक प्रेरणादायक संदेश भी देगी। गुरचेत चित्रकार, जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, इस फिल्म में मेरी भूमिका ऐसी है, जिसे हर दर्शक अपने जीवन से जोड़ पाएगा। मर्तबान केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि हंसी का खजाना है। इस अवसर पर उपस्थित फिल्म निर्माता ने भी इस बात पर जोर दिया कि कैसे मर्तबान न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में बसे पंजाबियों को जोड़ने का प्रयास करेगी। मीडिया को फिल्म की टीम से रुबरू होने और फिल्म की यात्रा के पीछे की प्रेरणा समझने का भी अवसर मिला। हंसी-मजाक और प्रेरक संवाद के साथ यह कार्यक्रम फिल्म के प्रति दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाने में सफल रहा। फि़ल्म मर्तबान जल्द ही कई प्लेटफार्म पर रिलीज़ होने वाली है और यह निश्चित रूप से हंसी के साथ एक सकारात्मक संदेश देकर दर्शकों का दिल जीत लेगी।





## एक नजर

### समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता में रेवा दीक्षित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया



**चण्डीगढ़।** अजीत करम सिंह इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (एकेएसआईपीएस)-41 में आयोजित रीडथॉन-2024 इंटर स्कूल समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता में रेवा दीक्षित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में समाचार पत्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश-दुनिया में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी देना था।

### आर्य महिला संगठन ने बच्चों को बांटी गर्म जुराबें



**चण्डीगढ़।** आर्य महिला संगठन, चण्डीगढ़ ने महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, दरिया में प्री प्राइमरी और प्राइमरी के विद्यार्थियों को गर्म जुराबें वितरित कीं। आर्य महिला संगठन में चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली की आर्य समाजों से महिलाएं हैं जो मिलकर ग्रामीण क्षेत्र एवं आर्थिक तौर से कमजोर वर्ग के बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करती हैं। यह संगठन महर्षि दयानंद सरस्वती जी के पद चिन्हों पर चलता हुआ यज का आयोजन करता है। आर्य महिला संगठन की महिलाएं भारतीय संस्कृति, वेद, आर्य शिक्षा पद्धति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि से संबंधित ज्ञान को विद्यार्थियों के बीच में बांटती हैं। यह पढ़ी-लिखी महिलाओं का समूह है जो जरूरतमंद बच्चों को सहायता  प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान उषा जीवन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर से सद्बुद्धि की कामना करनी चाहिए। महामंत्र गायत्री का जाप करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। माता-पिता और बड़ों का आदर करना चाहिए। इस मौके पर कमला आर्य, सुदर्शन चौहान, और निर्मल रहेजा ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।  स्कूल की वाइस प्रिंसिपल अंजू मोदगिल ने नेक कार्य के लिए आर्य महिला संगठन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी बच्चों की सहायता और मार्गदर्शन की कामना की।

### रोटरेक्टर शशांक कौशिक ने नवस्थापित एमिटी रोटारैक्ट क्लब के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली.** एमिटी यूनिवर्सिटी ने एमिटी रोटारैक्ट क्लब के चार्टर प्रेजेंटेशन और इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया जिसमें रोटेरियन विजय कुमार ढल्ल (पेरेंट क्लब अध्यक्ष), रोटेरियन शशांक कौशिक (जिला रोटरैक्ट प्रतिनिधि), रोटेरियन मोहित सिंगला (रोटरैक्ट के जिला अध्यक्ष), डॉ. शिवली ढींगरा (प्रबंधन के डीन), डॉ. सहित दलीप कुमार (रजिस्ट्रार, एमिटी यूनिवर्सिटी, मोहाली), डॉ. मनीष महाजन और सुश्री हरसिमरन कौर, एमिटी रोटारैक्ट क्लब के संकाय समन्वयक और अन्य प्रतिष्ठित रोटारैक्ट क्लब के सदस्यों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विविध शैक्षणिक क्षेत्रों के विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस अवसर पर रोटेरियन विजय कुमार ढल्ल और रोटरेक्टर शशांक कौशिक ने नवस्थापित क्लब के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया व रोटारैक्ट क्लब चार्टर प्रस्तुत किया। रोटरी क्लब, चण्डीग? अपटाउन द्वारा प्रायोजित और रोटारैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3080 के तहत स्थापित इस रोटारैक्ट क्लब ने सामुदायिक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता जताई। बीएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी, द्वितीय वर्ष के छात्र, अध्यक्ष रोटरेक्टर रमिंदर सिंह के नेतृत्व में नेतृत्व टीम को जिम्मेदारियों और नेतृत्व के परिवर्तन को चिह्नित करते हुए एक कॉलरिंग समारोह के साथ शामिल किया गया था।



## दीपक चनारथल पंजाबी लेखक सभा के अध्यक्ष बने

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** प्रसिद्ध लेखक, कवि और पंजाबी चिंतक दीपक शर्मा चनारथल पंजाबी लेखक सभा, चण्डीगढ़ के अध्यक्ष चुने गए हैं। पंजाबी लेखक सभा, चण्डीगढ़ की आम बैठक और चुनाव दौरान वे निर्विरोध अध्यक्ष बने। उनके साथ भूपिंदर सिंह मलिक को महासचिव और पॉल अजनबी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार डॉ. गुरमेल सिंह और मंजीत कौर मीत को उपाध्यक्ष, सुखविंदर सिंह सिद्धू और सिमरजीत कौर ग्रेवाल को सचिव और हरमिंदर कालरा को वित्त सचिव चुना गया। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंसीपल गुरदेव कौर पाल ने कहा कि अध्यक्ष, महासचिव सहित कुल आठ पदों के लिए केवल आठ नामांकन प्राप्त हुए और इस प्रकार पंजाबी लेखक सभा (रजि.) के सभी आठ पदाधिकारी बिना प्रतिस्पर्धा के चुने गए।

## माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हुआ 59 यूनिट्स रक्त एकत्र




**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला के सहयोग से माता मनसा देवी परिसर में रक्तदान शिविर लगाया। रक्त लेने से पहले डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का चेकअप किया, डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति को गर्व महसूस होता है। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर में ब्लड बैंक होमी भाभा कैंसर इंस्टिट्यूट न्यू चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर नवीन बंसल की देखरेख में 59 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। शिविर में 69 डोनर्स ने ब्लड डोनेट करने के लिए रजिस्टर करवाया, 10 लोगों के स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से रक्तदान करने के लिए मना कर दिया गया। शिविर सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर बाद 3 बजे तक चला। रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से सत्य भूषण खुराना, प्रदूमन बरेजा, पवन मनचन्दा, हर्ष मनचन्दा व अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# कब्जा कार्रवाही में नगर पालिका अधिकारियों ने की कोर्ट के आदेश की अवहेलना

◆ नोटिस देने व कार्रवाही करने में नगर पालिका निभा रही है भाई भतीजावाद : विक्रम सैनी

◆ नगर पालिका या प्रशासन ने नहीं दी तोड़फोड़ के लिए कोई सूचना : विक्रम सैनी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट बरवाला.** नगर पालिका बरवाला द्वारा खसरा एवं गली नंबर 1685 में कब्जा कार्रवाई की गई हालांकि नगर पालिका बरवाला द्वारा 24 जून 2019 को कार्यालय के पत्र क्रमांक 1021 में कब्जा कार्रवाही के लिए राजेश कुमार को लिखा था जिस पर राजेश कुमार ने माननीय न्यायालय की शरण लेते हुए स्टे लिया जो आज तक जारी है लेकिन नगर पालिका ने माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए आज कब्जा कार्रवाही की जिसमें राजेश कुमार के बने हुए कुछ हिस्से को नगरपालिका ने तोड़ दिया। मौके पर स्टे दिखाया तब जाकर के तोड़फोड़ कार्रवाई रोकी गई ।जबकि राजेश कुमार व जयगोपाल ने कहा कि उनको कब्जा कार्रवाही बारे प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई जबकि स्टे की कॉपी नगरपालिका में जमा है मनमाने ढंग से अधिकारियों ने उनके मकान को तोड़ने का काम किया हैआज की कब्जा कार्रवाही की सूचना स्थानीय लोगों ने उनको फोन किया तभी वह मौके पर पहुंचे जिस प्रकार की है कार्रवाही की गई है इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नगर पालिका प्रशासन भाई भतीजाबाद करते हुए मनमाने ढंग से तोड़फोड़ कर रहा है। वही दूसरी ओर विक्रम पुत्र विजय सिंह पुत्र करतार सिंह ने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको काफी समय पूर्व एक 2023 में नोटिस मिला तब उन्होंने फिर से पैमाइश करने के लिए निवेदन किया था और 27 जून 2024 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट करके तोड़ने के लिए नियुक्त किया जा चुका था लेकिन तब हमने फिर से पैमाइश करने का आग्रह किया और आज तक वह पैमाइश नहीं हुई ना ही हमें कोई सूचना दी गई

जिसका जवाब उन्होंने दिया था कि वह उनकी जगह पर काबिज है और नगर पालिका के किसी स्थान पर उनका कब्जा नहीं है वह निशानदेही गलत है जिस पर नगर पालिका सचिव ने उनको आश्वासन दिया था कि फिर से निशानदेही उपरांत थी कोई कार्रवाई की जाएगी लेकिन आज जिस प्रकार से कब्जा कार्रवाई की गई है ना उनको इस प्रकार की कोई सूचना दी गई और भाई भतीजा बात निभाते हुए नगर पालिका प्रशासन ने उनके मकान को तोड़ा है जबकि जो लोग कब्जा धारक हैं उनको आज तक नोटिस भी नहीं दिया नगर पालिका की यह साढे 16 फुट की गली है अगर यह उनकी जगह भी दे दी जाए तो भी है गली पूरी नहीं होती नगर पालिका प्रशासन यह भी बताएं की साढे 16 फुट की गली किस रूप से वह पूरी कर पाएंगे ।जबकि जरूरत यही है कि फिर से पैमाइश हो। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि है कार्रवाही पार्षद के इशारे पर नगर पालिका प्रशासन ने की है जबकि पार्षद का भाई स्वयं कब्जा धारक है। जब इस विषय पर नगर पालिका अभियंता अमित बेरवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दो



अवैध कब्जे हटवाए गए हैं वार्ड 6 तथा 18 में कब्जा कार्रवाई की गई है नगर पालिका में यह मामला 2019 से चल रहा है अगर किसी को पैमाइश पर ऐतराज है तो खुद अपने खर्चे पर पैमाइश करवा कर संतुष्टि करें। नगर पालिका ने पैमाइश करवा दी है। जबकि जिस पर स्टे था उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । नगर पालिका सचिव गौरव शर्मा से जब इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने कहा जिसका स्टे था उस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब इस विषय पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट विवेक पंघाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट कानून एवं शांति के लिए नियुक्त किया जाता है नोटिस देना तथा उस पर कार्रवाई करना संबंधित विभाग का काम होता है। यहां ऐसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## चौंकी कालांवाली पुलिस ने चोरी की गुत्थी सुलझाई

**आरोपी के कब्जा से चौरीशुद्दा राशि 21,200 बरामद**



**डेमोक्रेटिक फ्रंट डिम्पल- अरोड़ा. कालांवाली।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि कालांवाली में निरन्तर हो रही चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने व चोरों की धरपकड़ को लेकर चलाये गये विशेष अभियान के तहत चौकी कालांवाली पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा नगद राशि 21,200 रूपये बरामद करने में कामयाबी हासिल की है आरोपी की पहचान पुलिन पुत्र धर्मपाल वासी मकान नं. 360 वार्ड नं. 05 मंडी कालांवाली के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि दिनांक 07.12.2024 सौरभ पुत्र मनोहर लाल निवासी ख्योवाली ने हाजिर चौकी आकर एक लिखित दरखास्त दी की वह गांव ख्योवाली तहसील कालावाली जिला सिरसा का रहने वाला है और मंडी कालांवाली में ग्रामीण बैंक मित्र का काम करता है और बताया रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति उसकी दुकान से करीब 8,200 रुपये के सिक्के 13,000 रुपये केस जिसमे 50/50 रुपये की दो गड्डी 10/10 रुपये की तीन गड्डी कुल सिक्कों सहित 21,200 रुपये व दो कैमरे चोरी करके ले गया । जो लिखित शिकायत पर थाना कालांवाली में अभियोग न.412 दिनांक धारा 305,331(4) BNS के तहत दर्ज किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया की सीसीटीवी फुटेज व साईबर सेल की सहायता से आरोपी पुलिन के खिलाफ सबूत जुटाकर गिरफ्तार किया गया है आरोपी से चोरीशुदा नगद राशि 21,200 रूपये बरामद की गई है । आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए उसने यह चोरी की है । आऱोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी तथा इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा ।

## सद्भावना युवक सभा ने लगाया तीसरा रक्तदान शिविर श्रीनिवास गोयल पहुंचे मुख्य अतिथि

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** खंड के गांव कुंदनपुरा में सद्भावना युवक सभा द्वारा तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन देने का काम करता है जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत होती है तो यह रक्तदान के माध्यम से ही पूर्ति हो पाती है। उन्होंने कहा कि रक्त वैज्ञानिक युग में किसी अन्य संसाधन से नहीं बनाया जा सकता केवल मात्र मानव का रक्त मानव के ही दिया जा सकता है तभी यह रक्तदान कहलाता है। इस मौके पर अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस मौके पर सर्व व्यापार मंडल के प्रधान महेश बंसल पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा लितानी, रविन्द्र जांगड़ा, रामेश्वर भाटीवाल सद्भावना युवक सभा के अध्यक्ष राजेश कुमार जयकुमार पूर्व सरपंच मोतीराम हरण सिंह बलजीत वर्मा मांगेराम रानोलिया मनोज कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।








## संस्कृत गुरुकुल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय गीता श्लोकोच्चारण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पाया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, पंचकूला।** राजकीय महिला महाविद्यालय, पंचकूला में जिला स्तरीय गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में गीता श्लोक उच्चारण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में श्री मुक्तिनाथ वेदविद्या आश्रम (संस्कृत गुरुकुल) के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की जिसके अन्तर्गत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में गुरुकुल के छात्र अंकित ने प्रथम एवं आकाश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रियांशु एवं दिव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों एवं निर्णायकों द्वारा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए गुरुकुल के कुलाचार्य स्वामी श्रीनिवासाचार्य जी ने विजेता विद्यार्थियों एवं आचार्यों को शुभकामनाएं प्रदान की।


ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372


स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com